
# राज्य परीक्षा के लिए साप्ताहिक करंट अफेयर्स अप्रैल तीसरा सप्ताह

## 1. 'टीका उत्सव'; अधिकतम पात्र लोगों का टीकाकरण करने का लक्ष्य




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष पहल वैक्सीनेशन पर्व 'टीका उत्सव' की घोषणा की, जिसका उद्देश्य कोरोनोवायरस के खिलाफ अधिकतम पात्र लोगों को टीका लगाना है।
- यह उत्सव 11 अप्रैल, 2021 को, महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शुरू हुआ है और 14 अप्रैल, 2021 को बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती तक चलेगा, जो 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के अधिकतम टीकाकरण कवरेज को सुनिश्चित करने के लिए है।
- श्री मोदी ने नागरिकों से इन चार सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया, जिनमें **'ईच वन, वैक्सीनेट वन', 'ईच वन, ट्रीट वन', 'ईच वन, सेव वन' और 'माइक्रो कन्टेनमेंट जोन' है।**
- **नोट:** हाल ही में, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DGCI) ने ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन पर आधारित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) की **कोविशील्ड** और भारत बायोटेक की **कोवैक्सीन** की उपयोग को मंजूरी दी है।

## 2. भारत-नीदरलैंड वर्चुअल शिखर सम्मेलन





- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रट ने 9 अप्रैल 2021 को वर्चुअल शिखर सम्मेलन आयोजित किया।
- दोनों प्रधानमंत्रियों ने जल से संबंधित क्षेत्र में भारत-डच सहयोग को और गहरा करने, और जल स्तर पर संयुक्त कार्यदल को मंत्री-स्तर पर उन्नत करने के लिए **'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप ऑन वॉटर'** बनाने पर सहमति व्यक्त की।
- नेताओं ने जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और COVID-19 महामारी जैसी क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और भारत-प्रशांत आपूर्ति श्रृंखला और वैश्विक

डिजिटल प्रशासन जैसे नए क्षेत्रों में उभरते अभिसरणों का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की।




- **नीदरलैंड के बारे में तथ्य:**
  **राजधानी:** एम्स्टर्डम
  **मुद्रा:** यूरो
  **प्रधानमंत्री:** मार्क रट

## 3. वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने G20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स की दूसरी वर्चुअल बैठक में हिस्सा लिया



- केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 07 अप्रैल, 2021 को इटली की अध्यक्षता में G20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स (FMCBG) की दूसरी वर्चुअल बैठक में हिस्सा लिया।
- G20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों ने COVID-19 से निपटने को लेकर G20 एक्शन प्लान के अपडेट पर चर्चा की।
- बैठक में सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की वित्तीय जरूरतों को समर्थन देने के अलावा अंतरराष्ट्रीय कराधान के एजेंडे, हरित उपायों को बढ़ावा देने और महामारी से संबंधित वित्तीय नियमन से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई।
- गरीब देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मदद के लिए वित्त मंत्री ने कर्ज की किस्त चुकाने की मोहलत दिए जाने की पहल को छह महीने बढ़ाकर दिसंबर 2021 किए जाने की बात की।
- **G20 के बारे में तथ्य:**

**स्थापना:** 26 सितंबर 1999

**सदस्य:** 20 (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य और यूरोपीय संघ)

- **नोट: G20 शिखर सम्मेलन** 2021 में इटली, 2022 में इंडोनेशिया, 2023 में भारत और 2024 में ब्राजील द्वारा आयोजित किया जाना है।

## 4. NEP कार्यान्वयन योजना 'सार्थक' (SARTHAQ) की शुरुआत की




- स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूल शिक्षा के लिए एक निर्देशात्मक और विचारोत्तेजक योजना विकसित की है। इसे **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से 'छात्रों' और 'शिक्षकों' की समग्र उन्नति (सार्थक)** नाम दिया गया है।
- यह कार्यान्वयन योजना अगले 10 वर्षों के लिए NEP-2020 के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप एवं रास्ते को आगे बढ़ाती है।
- **सार्थक** को एक उभरती एवं कार्यकारी दस्तावेज के रूप में तैयार किया गया है और यह अपनी प्रकृति में व्यापक तौर पर विचारोत्तेजक/सांकेतिक है। साथ ही इसे समय-समय पर हितधारकों से प्राप्त इनपुटों/प्रतिक्रियाओं के आधार पर अद्यतन किया जाएगा।
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में: NEP 2020,** जिसे 29 जुलाई 2020 को भारत के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था, भारत की नई शिक्षा प्रणाली के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। नई नीति, 1986 की पिछली राष्ट्रीय नीति की जगह लेती है।

## 5. सहायक उपकरण (एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर-ETD) नैनोस्निफर को लांच किया

- **नैनोस्निफर** को नैनोस्निफ तकनीक से विकसित किया गया है जो IIT बॉम्बे इनक्यूबेटेड स्टार्टअप है।
- इसे IIT दिल्ली इनक्यूबेटेड स्टार्टअप वेहंत टेक्नोलॉजीज द्वारा बाजार में उतारा जा रहा है। नैनोस्निफर की मूल संरचना की तकनीक अमरीका और यूरोप में पेटेंट द्वारा संरक्षित है।




- **NanoSniffer के बारे में:** शत प्रतिशत स्वदेशी ETD - **नैनोस्निफर उपकरण मात्र** 10 सेकंड में विस्फोटक का पता लगा सकता है और यह विस्फोटक के अलग-अलग वर्गों में पहचान के साथ उन्हें वर्गीकृत भी कर सकता है।
- यह सैन्य, पारंपरिक और घर में बनाए विस्फोटक के सभी वर्गों का भी पता लगाता है।

## 6. प्रधानमंत्री ने डॉ हरेकृष्ण महताब द्वारा लिखित पुस्तक ओडिशा इतिहास का हिन्दी संस्करण जारी किया




- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 'उत्कल केसरी' डॉ हरेकृष्ण महताब द्वारा लिखित पुस्तक 'ओडिशा इतिहास' का हिन्दी अनुवाद जारी किया।
- यह पुस्तक अब तक केवल उड़िया और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है। श्री शंकरलाल पुरोहित ने हिन्दी में इसका अनुवाद किया है।
- **लेखक के बारे में:** डॉ हरेकृष्ण महताब भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक महत्वपूर्ण शख्सियत थे। उन्होंने 1946 से 1950 तक और 1956 से 1961 तक ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया।

## 7. दुती चंद को छत्तीसगढ़ वीरनी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा

- जकार्ता एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक विजेता दुती चंद को छत्तीसगढ़ वीरनी पुरस्कार दिया जाएगा।



- कोविड महामारी के कारण पुरस्कार समारोह का पहला संस्करण वर्चुअल माध्यम से 14 अप्रैल 2021 को आयोजित किया जाएगा।
- ओडिशा की धावक दुतीचंद 2019 में इटली में आयोजित विश्व विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला थी।
- छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्थापित **छत्तीसगढ़ वीरानी पुरस्कार** खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।

## 8. वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक-IMF की विकास समिति बैठक की 103वीं बैठक में भाग लिया



- केन्द्रीय वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समग्र विकास समिति की 103वीं बैठक में भाग लिया।
- **बैठक का मुख्य एजेंडा था:** सामान्य फ्रेमवर्क के तहत कर्ज राहत के लिए विश्व बैंक समूह (WBG) और अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष समर्थन और अन्य;
- COVID-19 महामारी : विकासशील देशों के द्वारा टीकों की निष्पक्ष और किफायती उपलब्धता के लिए विश्व बैंक समर्थन;
- COVID-19 संकट से त्वरित सुधार के लिए प्रतिक्रिया- जीवन और आजीविका रक्षा - हरित, लचीला और समावेशी विकास को समर्थन देते हुए जीवन और आजीविका रक्षा।
- **नोट:** श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत सरकार ने 27.1 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर पैकेज का ऐलान किया है, जो GDP के 13 प्रतिशत से ज्यादा है।
- **विश्व बैंक के बारे में तथ्य:**
  **मुख्यालय:** वाशिंगटन, डीसी, अमेरिका
  **स्थापना:** जुलाई 1944
  **अध्यक्ष:** डेविड माल्पास

**MD और CFO:** अंशुला कांत
**सदस्यता:** 189 देश (IBRD), 173 देश (IDA)

- **IMF (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) के बारे में तथ्य:**
**प्रबंध निदेशक:** क्रिस्टालिना जॉर्जीवा
**मुख्यालय:** वाशिंगटन, डीसी, अमेरिका
**मुख्य अर्थशास्त्री:** गीता गोपीनाथ
**स्थापना:** दिसंबर 1945
**सदस्यता:** 190 देश

## 9. ICCR ने विश्व का पहला Gamified संस्कृत लर्निंग ऐप, 'लिटिल गुरु' ऐप का अनावरण किया




- **भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR)** ने 09 अप्रैल 2021 को बीजिंग में भारतीय दूतावास में अपना 71वां स्थापना दिवस मनाया।
- इस अवसर पर, **ICCR ने 'लिटिल गुरु' ऐप का अनावरण किया है, जो विश्व का पहला Gamified संस्कृत लर्निंग ऐप है,** जिसे संयुक्त रूप से बीजिंग में राजदूत विक्रम मिश्री और संस्कृत और भारत के प्रसिद्ध चीनी विद्वान प्रोफेसर वांग बंगवेई ने लॉन्च किया था।
- शिक्षण विधियों के साथ-साथ बदलती प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल रखने के लिए, ICCR ने Gamapp Sportswizz टेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ संस्कृत सीखने के लिए एक विशेष ऐप 'लिटल गुरू' लॉन्च करने के लिए करार किया है।
- **नोट:** इस वर्ष, ICCR ने संगीत को समर्पित दो नई फैलोशिप की भी घोषणा की है - संगीत के लिए भीमसेन जोशी फेलोशिप और भारतीय संगीत के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए संगीत के लिए उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान फैलोशिप।
- **भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के बारे में तथ्य:**
**संस्थापक:** अबुल कलाम आज़ाद
**स्थापना:** 9 अप्रैल 1950
**मुख्यालय:** नई दिल्ली
**महानिदेशक:** श्री दिनेश पटनायक


## 10. NITI आयोग ने ऑनलाइन विवाद समाधान पुस्तिका का शुभारंभ किया




- NITI आयोग आगामी और ओमिद्यार नेटवर्क इंडिया के साथ मिलकर ICICI बैंक, अशोका इन्नोवेटर्स फॉर द पब्लिक, ट्राईलीगल, डालबर्ग, द्वारा और NIPFP के सहयोग से अपनी तरह की पहली **ऑनलाइन विवाद समाधान पुस्तिका (ODR)** का शुभारंभ किया।
- **ODR** डिजिटल प्रौद्योगिकी और विवाद समाधान की वैकल्पिक तकनीकियों (ADR) का उपयोग करते हुए अदालतों के बाहर लघु और मध्यम दर्जे के विवादों को निपटाने की एक व्यवस्था है जिसमें मध्यस्थता और बीच बचाव के उपाय किए गए हैं।
- **NITI आयोग (नेशनल इंस्टिट्यूशन फॉर ट्रांस्फोर्मिंग इंडिया) के बारे में तथ्य:**

**स्थापना:** 1 जनवरी 2015
**मुख्यालय:** नई दिल्ली
**अध्यक्ष:** नरेंद्र मोदी
**उपाध्यक्ष:** राजीव कुमार
**CEO:** अमिताभ कांत

## 11. खेल मंत्री ने श्रीनगर में वॉटर स्पोर्टस अकादमी में नौकायन के लिए खेलो इंडिया स्टेट सेंटर फॉर एक्सिलेंस इंडिया का उद्घाटन किया




- केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने 10 अप्रैल 2021 को श्रीनगर में जम्मू कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में नौकायन के लिए खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (KISCE) का उद्घाटन किया।
- यह सेंटर जम्मू कश्मीर के दो KISCE में से एक है। इसमें से एक जम्मू में तलवार बाजी प्रतियोगिताओं के लिए बनाया गया मौलाना आज़ाद स्टेडियम है।

gradeup

- **नोट:** वर्तमान में 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 24 KISCE हैं और इनमें से प्रत्येक में ओलंपिक में शामिल खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

## 12. सुशील चन्द्र को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया



- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने सुशील चन्द्र, सबसे वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त, को भारत निर्वाचन आयोग (ECI) में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया।
- वर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री सुशील अरोड़ा के 12 अप्रैल 2021 को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद से मुक्त होने के बाद 13 अप्रैल 2021 को श्री सुशील चन्द्र मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे।
- 1980 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी, श्री चन्द्र ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद 15 फरवरी, 2019 को निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार संभाला।

## 13. नेथ्रा कुमानन, टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला नाविक बन गई




- भारत के चार नाविकों ने इस वर्ष के टोक्यो ओलिम्पिक के लिए क्वालीफाइ करके इतिहास रच दिया है।
- विष्णु सर्वानन्द तथा गणपति चेंगप्पा और वरुण ठक्कर की जोडी ने ओमान में चल रहे एशियाई क्वालिफायर्स में यह लक्ष्य हासिल किया।
- **चेन्नई की 23 वर्षीय, नेथ्रा कुमानन**, ओमान में मुसन्नाह ओपन चैम्पियनशिप में लेजर रेडियल मुकाबले में क्वालिफाई करने वाली **पहली भारतीय महिला नाविक** बन गई।

- **नोट:** कोरोनोवायरस महामारी के बीच अपने एथलीटों की सुरक्षा के लिए **उत्तर कोरिया टोक्यो ओलंपिक में भाग नहीं लेगा।**

## 14. लीलावती पुरस्कार 2020 प्रदान किये

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने नई दिल्ली में महिला सशक्तीकरण के लिए विजेताओं को AICTE लीलावती पुरस्कार 2020 प्रदान किया।
- श्री पोखरियाल ने लीलावती पुरस्कारों की स्थापना के लिए **ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (AICTE)** की पहल का स्वागत किया और जोर देकर कहा कि इस तरह के अभिनव कदम लड़कियों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए बहुत प्रेरित करेंगे।
- **'महिला सशक्तीकरण' थीम पर आधारित, AICTE** ने कुल 456 प्रविष्टियों में से विजेताओं को चुना, जिन्होंने **6 उप-विषयों** में प्रतिस्पर्धा की, जिसमें **महिला स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य रक्षा, साक्षरता, महिला उद्यमिता और कानूनी जागरूकता शामिल हैं।**
- **पुरस्कार पाने वालों की सूची:**

| **उप विषय** | **टीम का नाम** | **संस्थान का नाम** |
|---|---|---|
| महिला उद्यमिता | SWEAT (सोना विमिन एंटरप्रेन्योरशिप एंड ट्रेनिंग) | सोना कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु |
| **स्वच्छता और स्वास्थ्य रक्षा** | SKBCOP ECO क्लब | श्रीमती किशोरीताई भोयर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, महाराष्ट्र |
| साक्षरता | डिजिटल लिट्रेसी | भारती विद्यापीठ (डीम्ड यूनिवर्सिटी) इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्यरशिप डेवेलपमेंट, पुणे |
| महिला स्वास्थ्य | WIT वूमेन हेल्थ कोलीशन | वालचंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, महाराष्ट्र |
| **कानूनी जागरूकता** | रेडिएंट सीथा | थियागराजर पॉलिटेक्निक कॉलेज, तमिलनाडु |

gradeup

| | | |
|---|---|---|
| **आत्मरक्षा** | परित्राणास | सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, तमिलनाडु |

## 15. “DGFT व्यापार सुविधा ऐप ” लांच किया





- वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के तहत आयातकों / निर्यातकों तक सूचनाओं की तुरंत पहुंच प्रदान करने के लिए DGFT व्यापार सुविधा ऐप लॉन्च किया।
- इसे **विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)** के निर्देश के आधार पर **टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (TCS)** ने विकसित किया है।
- **व्यापार सुविधा ऐप उद्योग 4.0 के लिए तैयार है, यह निम्न सेवाएं प्रदान करता है:**
  रियल-टाइम व्यापार नीतियों की जानकारी, सूचनाएं, आवेदन स्थिति की जानकारी, ट्रैकिंग सहायता अनुरोध,
  वस्तुओं के आधार पर निर्यात-आयात नीति और उनके आंकड़ों का अन्वेषण। IEC पोर्टफोलियो को ट्रैक करना,
  AI-आधारित 24 घंटे व्यापार संबंधित प्रश्नों के लिए सहायता देना,
  DGFT सेवाएं सभी के लिए सुलभ है,
  आपका ट्रेड डैशबोर्ड किसी भी समय और कहीं भी सुलभ है

## 16. NITI आयोग ने भारत ऊर्जा डैशबोर्ड संस्करण 2.0 का शुभारंभ किया



- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड के 2.0 संस्करण का डॉ राजीव कुमार (उपाध्यक्ष, NITI आयोग), डॉ वी के सारस्वत (सदस्य, NITI आयोग), अमिताभ कान्त (CEO, NITI आयोग) और डॉ राकेश सरवाल (अपर सचिव, NITI आयोग) ने शुभारंभ किया।
- **भारत ऊर्जा डैशबोर्ड (IED)** देश के ऊर्जा से जुड़े आंकड़ों के लिए एकल खिड़की का उद्यम है।
- केंद्रीय ऊर्जा प्राधिकरण, कोयला नियंत्रक संगठन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रकाशित/उपलब्ध कराये गए ऊर्जा से जुड़े आंकड़ों को उक्त डैशबोर्ड में संकलित किया जाता है।
- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड 2.0 के इस उन्नत संस्करण की **मुख्य विशेषताएँ**: IED, वित्त वर्ष 2005-06 से वित्त वर्ष 2019-20 के आंकड़े उपलब्ध कराता है; IED अर्ध वार्षिक अनुक्रम में भी डाटा उपलब्ध कराता है।
- API लिंक सौभाग्य, उजाला, प्राप्ति और विद्युत प्रवाह पोर्टल से जुड़ा है।
- **नोट:** NITI आयोग ने **भारत ऊर्जा डैशबोर्ड संस्करण 1.0** मई 2017 में लॉन्च किया था।

## 17. पंजाब ने COVID टीकाकरण कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर के रूप सोनू सूद को नियुक्त किया



- अभिनेता सोनू सूद को पंजाब के COVID टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।
- पिछले साल राष्ट्रव्यापी कोरोनोवायरस-प्रेरित लॉकडाउन के दौरान, अभिनेता, जो फिल्मों में प्रतिपक्षी भूमिका निभाने के लिए जाने जाते थे, ने देश भर में फंसे हजारों प्रवासी श्रमिकों को उनके गृह राज्यों में पहुंचने में मदद की थी।
- **नोट:** सोनू सूद ने पंजाब के मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक "आई एम नो मसीहा" भेंट की।
- **पंजाब के बारे में तथ्य:**
  **राजधानी:** चंडीगढ़
  **राज्यपाल:** वी पी सिंह बदनौर
  **मुख्यमंत्री:** कैप्टन अमरिंदर सिंह

## 18. NCAER ने विश्व बैंक की अर्थशास्त्री पूनम गुप्ता को महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया

- नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) ने विश्व बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री पूनम गुप्ता को अपना अगला महानिदेशक नियुक्त किया।

- गुप्ता, NCAER की पहली महिला महानिदेशक, शेखर शाह की जगह लेंगी जिन्होंने 2011 से NCAER का नेतृत्व किया है और मई 2021 की शुरुआत में अपना दूसरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।
- **नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) के बारे में तथ्य:**
  **अध्यक्ष:** नंदन नीलेकणि
  **मुख्यालय:** नई दिल्ली
  **स्थापना:** 1956

## 19. BAFTA पुरस्कार 2021: नोमैडलैंड ने 4 पुरस्कार जीते



- **74वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (BAFTA)** पुरस्कार 2020 और 2021 की शुरुआत में सबसे अच्छी राष्ट्रीय और विदेशी फिल्मों के सम्मान में लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में 10 और 11 अप्रैल 2021 को आयोजित किया गया।
- **नोट:** क्लो झाओ द्वारा निर्देशित फिल्म **'नोमैडलैंड'** ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट सिनेमेटोग्राफी और बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस सहित **4 BAFTA पुरस्कार** जीते।
- **BAFTA अवार्ड्स 2021 के मुख्य विजेता:**

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|

gradeup

| | |
|---|---|
| बेस्ट फिल्म | नोमैडलैंड |
| आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म | प्रॉमिसिंग यंग वुमन |
| लीडिंग एक्ट्रेस | फ्रांसेस मैकडोरमेंड (नोमैडलैंड) |
| लीडिंग एक्टर | एंथनी हॉपकिंस (द फादर) |
| सपोर्टिंग एक्ट्रेस | यूह जंग योन (मिनारी) |
| सपोर्टिंग एक्टर | डैनियल कलूया (जूडास एंड द ब्लैक मसीहा) |
| डायरेक्टर | क्लो झाओ (नोमैडलैंड) |
| EE राइजिंग स्टार अवार्ड | बक्की बैकरे |
| आउटस्टैंडिंग डेब्यू बाय ए ब्रिटिश राइटर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर | हिस हाउस |
| फिल्म नॉट इन द इंग्लिश लैंग्वेज | अनदर राउंड |
| डाक्यूमेंट्री | माय ऑक्टोपस टीचर |
| सिनेमेटोग्राफी | नोमैडलैंड |

gradeup

| | |
|---|---|
| ओरिजनल स्क्रीनप्ले | प्रॉमिसिंग यंग वुमन |
| एडाप्टेड स्क्रीनप्ले | द फादर |
| ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म | द प्रेजेंट |
| आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश कॉन्ट्रिब्यूशन टू सिनेमा | नोएल क्लार्क |
| बाफ्टा फैलोशिप | अंग ली |

## 20. पीयूष गोयल ने एक इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस ई-सांता (e-SANTA) की शुरुआत की

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस ई-सांता (e-SANTA) की शुरुआत की। यह जल कृषकों और खरीदारों को जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।




- यह किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा और निर्यातक सीधे किसानों से गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की खरीद कर सकेंगे।
- ई-सांता टर्म वेबपोर्टल के लिए तैयार किया गया, जिसका अर्थ **इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशन फॉर ऑग्मेंटिंग NaCSA फार्मर्स ट्रेड इन एक्वाकल्चर** है।
- **नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल एक्वाकल्चर** (NaCSA), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) की एक विस्तारित शाखा है।
- **ई-सांता किसानों के जीवन और आय को निम्नलिख तरीके से बढ़ाएगा:**
    - जोखिम कम करके

- उत्पादों और बाजारों के बारे में जागरूकता
- आय में बढ़ोतरी
- गलत कामों के खिलाफ रोक
- प्रक्रियाओं में आसानी

## 21. NITI आयोग ने पोषण की जानकारी पर आधारित एक डिजिटल कोष 'पोषण ज्ञान' की शुरुआत की

- NITI आयोग ने, बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन तथा सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन केंद्र, अशोका यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में, स्वास्थ्य और पोषण पर आधारित एक राष्ट्रीय डिजिटल कोष 'पोषण ज्ञान' की शुरुआत की।
- पोषण ज्ञान डिजिटल कोष को एक संसाधन के रूप में अवधारणाबद्ध किया गया, जिसे विभिन्न भाषाओं, स्वास्थ्य प्रकारों, लक्षित उपयोगकर्ताओं और स्रोतों में स्वास्थ्य एवं पोषण के 14 विषयगत क्षेत्रों पर संचार सामग्री की खोज के लिए सक्षम किया गया है।




- इस कोष के लिए आवश्यक डिजिटल सामग्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और महिला एवं बाल विकास मंत्रालयों तथा विकास संगठनों से प्राप्त हुई थी।




Theme of April: Ante Natal Care

- **नोट:** इस पोर्टल पर "महीने की थीम" (मुख्य विषयों को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार) तथा "सर्वाधिक डाउनलोड की गई मीडिया सामग्री" (उन सामग्रियों के बारे में जानने के लिए जो दर्शकों द्वारा सबसे अधिक पसंद की जाती हैं) को दर्शाती है।

## 22. रायसीना डायलॉग -2021

- प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग का 6ठा संस्करण विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।
- यह 13 से 16 अप्रैल, 2021 तक आयोजित किया जा रहा है।




- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर रवांडा के राष्ट्रपति महामहिम पॉल कागमे और डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।
- 2021 संस्करण का विषय, **"#वायरलवर्ल्ड: आउटब्रेअक्स, आउटलाइनर्स एंड आउट ऑफ कंट्रोल"** है।
- **नोट: विदेश मंत्री एस जयशंकर** ने रायसीना डायलॉग 2021 की आभासी बैठक में दक्षिण-दक्षिण सहयोग, मानवीय सहायता, आपदा प्रतिरोध पर जोर दिया।
- **रायसीना डायलॉग के बारे में**: यह 2016 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भू-राजनीति और भू-आर्थिक पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है।

## 23. डॉ. हर्षवर्धन ने 'आहार क्रांति' की शुरुआत की








- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने 'आहार क्रांति' का शुभारंभ किया। यह पोषण तथा भारत में स्थानीय रूप से उपलब्ध पौष्टिक भोजन, फलों और सब्जियों तक पहुंच स्थापित करने के बारे में समर्पित एक मिशन है।
- माँ अन्नपूर्णा की चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर 'आहार क्रांति' का एक जन आंदोलन के रूप में शुभारंभ किया गया।
- विजनाना भारती (विभा), 'ग्लोबल इंडियन साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोक्रेट्स' फोरम (GIST), विज्ञान प्रसार और प्रवासी भारतीय अकादमिक और वैज्ञानिक सम्पर्क (PRABHASS) "आहार क्रांति" मिशन को लॉन्च करने के लिए एक मंच पर आए हैं। इसका आदर्श वाक्य है- **उत्तम आहार-उत्तम विचार** या अच्छा आहार-अच्छी अनुभूति।

gradeup

- "आहार क्रांति" आंदोलन को भारत और दुनिया में बहुतायत में भूख और बीमारियों की गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए तैयार किया गया है।
- **नोट:** इस अवसर पर एक मासिक (अंग्रेजी और हिंदी) समाचार पत्र 'आहार क्रांति' का भी विमोचन किया गया है, जो विज्ञान प्रसार द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

## 24. वैज्ञानिकों ने सबसे दूर गामा रे उत्सर्जक आकाशगंगा की खोज की

- खगोल वैज्ञानिकों ने एक नई सक्रिय आकाशगंगा का पता लगाया है। इसकी पहचान सुदूर गामा रे उत्सर्जक आकाशगंगा के रूप में की गई है।
- इस सक्रिय आकाशगंगा को नेरो लाइन सीफर्ट-1 (NLS1) गैलेक्सी कहा जाता है। यह लगभग 31 बिलियन प्रकाश वर्ग पीछे है।




- विज्ञान और टेक्नोलॉजी विभाग के स्वायत्त संस्थान ARIES के वैज्ञानिकों ने अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं के सहयोग से लगभग 25,000 चमकीला सक्रिय ग्लैक्टिकन्यूकली (AGN) का अध्ययन स्लोन डिजिटल स्काई सर्वे (SDSS) से किया और पाया कि एक विचित्र पींड ऊंचे रेड शिफ्ट पर (एक से अधिक) उच्च ऊर्जा गामा किरण उत्सर्जन कर रहा है। SDSS एक प्रमुख ऑप्टिकल तथा स्पेक्ट्रोस्कोपिक सर्वे है जिसका इस्तेमाल पिछले 20 वर्षों में खगोलीय पींड को देखने के लिए किया जाता है।
- वैज्ञानिकों ने इसकी पहचान गामा किरण उत्सर्जक NLS1 ग्लैक्सी के रूप में की है।
- शोध के लिए वैज्ञानिकों ने विश्व का सबसे बड़ा जमीनी टेलीस्कोप अमेरिका के हवाई स्थित 8.2m सुबारू टेलीस्कोप का इस्तेमाल किया।
- नई गामा रे उत्सर्जक NLS1 तब बनता है जब वर्तमान 13.8 बिलियन पुराने ब्रह्मांड की तुलना में ब्रह्मांड 4.7 अरब वर्ष पुराना होता है।

## 25. केन विलियाम्सन ने चौथी बार सर रिचर्ड हैडली पदक जीता

- **न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन** को **2020-21 सीज़न के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट पुरस्कार** में पिछले छह वर्षों में चौथी बार प्रतिष्ठित सर रिचर्ड हैडली पदक के विजेता के साथ 'इंटरनेशनल टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर' चुना गया।

- एमेलिया केर और डेवोन कॉनवे ने 2020-21 के पुरस्कार सत्र के दौरान दोहरे सम्मान से सम्मानित किया गया।



- डेवोन कॉनवे ने पुरुष वनडे और T20 प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीते।
- एमेलिया केर ने महिला T20 प्लेयर ऑफ द ईयर और महिला ड्रीम 11 सुपर स्मैश प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता।

## 26. सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य डिजिटल प्लेटफॉर्म "मानस" (MANAS) को प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने लॉन्च किया



- भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो के विजयराघवन ने सभी आयु समूहों की देखभाल के लिए "मानस" ऐप को लॉन्च किया।
- **मानस, मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्वास्थ्य प्रणाली (मेंटल हेल्थ एंड नोर्मलसी ऑग्मेंटशन सिस्टम)** के लिए काम करता है। उसे प्रधानमंत्री के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (**PM-STIAC**) द्वारा एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- मानस एक व्यापक विस्तार करने वाला राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे भारतीय नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक ऐप के रूप में विकसित किया गया है।
- मानस को विकसित करने की पहल भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा की गई थी। इसे **NIMHANS बेंगलुरु, AFMC पुणे और C-डैक बेंगलुरु** द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- **नोट:** भारत में, **मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017,** 7 अप्रैल 2017 को पारित किया गया और 29 मई 2018 से लागू हुआ।

## 27. NCSC ने अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों के लिए "ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल" का शुभारम्भ किया





- भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 130 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा आयोजित एक समारोह में केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी, विधि और न्याय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने **“राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल”** का शुभारंभ किया।
- **NCSC शिकायत प्रबंधन पोर्टल** से देश की अनुसूचित जाति की लोगों के लिए देश के किसी भी हिस्से से अपनी शिकायत दर्ज कराना आसान हो जायेगा।
- भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियोइन्फॉर्मेटिक्स (BISAG-N), भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत उत्कृष्टता केंद्र के सहयोग से बनाया गया पोर्टल, शिकायतों के शुरूआत से अंत तक शिकायतों और उनकी निगरानी की ई-फाइलिंग की सुविधा प्रदान करेगा।
- **राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के बारे में**: यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत स्थापित किया गया था।

  **मुख्यालय:** नई दिल्ली

  **स्थापना:** 19 फरवरी 2004

  **अध्यक्ष:** विजय सांपला

## 28. उधमपुर ने २०२०-२१ के दौरान  को सफलतापूर्वक लागु करने के लिए राष्ट्रीय स्टार पर शीर्ष स्थान हासिल किया




gradeup

- **केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले** ने 2020-21 के दौरान **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY)** को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- 2020-21 में जिले ने 560.49 किलोमीटर सड़क बनाने के लिए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- हालांकि, केंद्रशासित प्रदेश के चार और जिले भी देश के 30 जिलों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले PMGSY की सूची में शामिल हैं। इसमें जम्मू और कश्मीर के जम्मू संभाग के राजौरी, डोडा, कठुआ और रियासी जिले शामिल हैं।
- **PMGSY ने तहत, उच्चतम सड़क की लंबाई विकसित करने के लिए छत्तीसगढ़ ने सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में पहला स्थान हासिल किया, उत्तराखंड ने दूसरा, जम्मू और कश्मीर ने तीसरा।**
- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के बारे में तथ्य:** यह भारत में एक राष्ट्रव्यापी योजना है, जो असंबद्ध गांवों को अच्छी ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

  **स्थापना:** 25 दिसंबर 2000

  **(प्रधानमंत्री) द्वारा शुरू की:** अटल बिहारी वाजपेयी

  **मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय

## 29. भारत ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन-2021 पर राष्ट्रीय वार्ता का आयोजन किया

- **कृषि-खाद्य प्रणाली-उन्नतशील आजीविका** पर पहली राष्ट्रीय स्तर की वार्ता 12 अप्रैल, 2021 को आयोजित की गई।
- राष्ट्रीय संवाद, कृषि विभाग और किसान कल्याण विभाग द्वारा गठित अंतर विभागीय समूह और दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा सुविधा प्रदान की गई थी।




- **नोट: संयुक्त राष्ट्र महासचिव** ने **सितंबर 2021** में आयोजित होने वाले **प्रथम संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन** का आह्वान किया है ताकि विश्व में कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक बदलाव की रूपरेखा बनाने के लिए **2030 के सतत विकास के लक्ष्य** के दृष्टिकोण का एहसास हो सके।
- शिखर सम्मेलन-2021 को अनिवार्य रूप से भागीदारी और परामर्शी बनाने की योजना है। इसमें राष्ट्रीय, उप-राष्ट्रीय (राज्य स्तर) के माध्यम से **सुरक्षित और पौष्टिक भोजन, टिकाऊ खपत पैटर्न, प्रकृति के अनुकूल उत्पादन, अग्रिम निष्पक्ष आजीविका और कमजोरियों, संघर्ष और तनाव के प्रति लचीलापन से संबंधित पांच कार्यवाही** के रास्ते के लिए स्वतंत्र परामर्श अनुभवों से बड़े परिवर्तन के विचारों की आवश्यकता है।

## 30. हैती के प्रधान मंत्री जोसेफ जुट ने अपने पद से स्तीफा दे दिया



- जोसेफ जूथ मार्च 2020 से प्रधानमंत्री के पद पर थे।
- राष्ट्रपति ने **क्लॉड जोसेफ को हैती का नया प्रधानमंत्री मनोनीत** किया है।
- **नोट:** हैती में 2015 से अब तक आठ प्रधानमंत्री बने हैं।
- **हैती के बारे में तथ्य:**
  **राजधानी:** पोर्ट-ए-प्रिंस
  **राष्ट्रपति:** जोवेनल मोसी
  **मुद्रा:** हैतियन गौरदे

## 31. प्रख्यात इतिहासकार योगेश प्रवीण का निधन



- प्रख्यात इतिहासकार और अवध के एक विशेषज्ञ, विशेष रूप से लखनऊ, योगेश प्रवीण का निधन हो गया।
- श्री योगेश प्रवीण को अवध, विशेषकर लखनऊ की संस्कृति और इतिहास का गहरा ज्ञान था।
- उन्हें 2019 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- किताबों के अलावा उन्होंने कविता भी प्रकाशित की। उन्हें यूपी रत्न पुरस्कार (2000), राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार (1999), यश भारती पुरस्कार (2006), और यूपी संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1998) सहित कई अन्य पुरस्कार मिले थे।